भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2024-25)

| कक्षा-दसवीं | विभागः हिंदी | **Date** – 27-11-24 |
|---|---|---|
| **STUDY MATERIAL-5** | विषयः ई-मेल लेखन | **Note: Pl. file in portfolio** |

नामः ______________________अनुभागः ______अनुक्रमांकः ______दिनांकः ______________

ई-मेल लेखन किसे कहते हैं?

ईमेल या इलॅक्ट्रॉनिक मेल (Email) एक प्रकार का पत्र ही है जिसे डाक द्वारा न भेजकर इंटरनेट के माध्यम से किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण द्वारा भेजा जाता है। यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आपका स्मार्ट फ़ोन, लैपटॉप या कम्प्यूटर हो सकता है।

ई-मेल बिना पता लिखे सही व्यक्ति तक कैसे पहुँच जाता है?

जिस प्रकार पत्र को डाक द्वारा सही पते पर पहुँचाने के लिए उसमें पूरा पता लिखा होना ज़रूरी होता है ठीक उसी तरह ईमेल के लिए भी एक एड्रेस (इलेक्ट्रोनिक पते) की ज़रूरत होती है। इस ईमेल एड्रेस से ही आपका ईमेल सही व्यक्ति तक पहुँच पता है। उदाहरण के लिए myCBSEguide का इलेक्ट्रॉनिक पता है support@mycbseguide.com. अब जब भी आप रिसिपेंट एड्रेस में यह पता लिखकर ईमेल भेजेंगे, यह ईमेल myCBSEguide कंपनी को मिल जाएगी।

अभ्यास प्रश्न

1.आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को **dfpd@gov.in** पर एक ईमेल लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

From(प्रेषक): abc@gmail.com

To(प्राप्तकर्ता): dfpd@gov.in

CC (प्रतिलिपि) ...

BCC (गोपनीय प्रतिलिपि) ...

विषय – खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या के संदर्भ में

27 नवंबर 2024

सुबह 10 बजे

महोदय,

मैं अ ब स, क.ख.ग. शहर का निवासी हूँ l आप भली-भांति जानते हैं कि त्योहारों का मौसम आ पहुँचा है जिसमें खाद्य पदार्थों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इस समय बाजार

में खाद्य पदार्थों की माँग बहुत बढ़ जाती है और उनकी पूर्ति करने के लिए मिलावट करने वालों का धंधा भी ज़ोर पकड़ने लगता है जिससे ग्राहक बहुत परेशान होते हैं। आप सम्बन्धित विभागीय कर्मचारियों को सचेत करें जिससे जगह-जगह छापामार कार्यवाही हो और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि जनजीवन विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित हो सके।

भवदीय
अ ब स

2.आप सुरेश हैं l राज्य के परिवहन सचिव **transport@delhi.gov.in** को एक ईमेल लिखिए, जिसमें आपकी बस्ती तक नया बस मार्ग आरंभ कराने का अनुरोध हो।

From(प्रेषक): suresh@mycbseguide.com
To(प्राप्तकर्ता): transport@delhi.gov.in
CC(प्रतिलिपि) ...
BCC(गोपनीय प्रतिलिपि) ...

विषय – अपनी कॉलोनी तक नए बस मार्ग हेतु।
28 नवंबर 2024
सुबह 9 बजे

महोदय,
मैं उत्तर-पश्चिम दिल्ली के विकासपुरी, डी ब्लॉक का निवासी हूँ। हमारे क्षेत्र में बड़ी जनसंख्या निवास करती है, जिसमें अधिकांश लोग दिल्ली के विभिन्न भागों में कार्यरत हैं। हमारी कॉलोनी से कोई बस नहीं चलती।
अतः आपसे अनुरोध है कि विकासपुरी डी-ब्लॉक तक एक नया बस मार्ग (बस रूट) आरंभ करने की कृपा करें। मुझे विश्वास है कि आप इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को इसके लिए उचित निर्देश देंगे।

भवदीय
सुरेश

3.छात्रों के लिए अधिक खेल-सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाचार्य महोदय को हेड बॉय मानव की ओर से एक ईमेल लिखिए।

From(प्रेषक): manav@gmail.com

To(प्राप्तकर्ता): principal@xyzschool.com

CC(प्रतिलिपि) ...

BCC(गोपनीय प्रतिलिपि) ...

विषय – अधिक खेल सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध

27 नवंबर 2024

सुबह 8 बजे

महोदय,

मैं विद्यालय का हेड बॉय मानव हूँ l जैसा कि आपको विदित है कि आगामी मास में जिले स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने वाला है जिसमें हमारा विद्यालय भी भाग ले रहा है। हालाँकि उपलब्ध साधनों से हमने अभ्यास किया है किंतु वह पर्याप्त नहीं है। यह अनुरोध हम आपसे कर रहे हैं कि कृपया खिलाड़ियों की खेल सुविधाओं एवं सामग्री में कोई कमी न हो तथा खेल गतिविधियों हेतु अधिक निधि की व्यवस्था की जाए ताकि आने वाली प्रतियोगिता में हम बेहतर प्रदर्शन कर सकें और विद्यालय का नाम रौशन कर सकें।

आशा है आप हम खिलाड़ियों के इस अनुरोध को स्वीकार करने की कृपा करेंगे।

भवदीय

मोहन

4.आपको चरित्र प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य **xyzschool@gmail.com** को ईमेल लिखिए।

From(प्रेषक): abc@xyzschool.com

To(प्राप्तकर्ता): principal@xyzschool.com

CC(प्रतिलिपि) ...

BCC(गोपनीय प्रतिलिपि) ...

विषय – चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के संबंध में
27 नवंबर 2024
सुबह 9 बजे

महोदय,
विनम्र निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय की नौवीं 'अ' की छात्रा हूँ। मैंने फरवरी 2024 में एक छात्रवृत्ति परीक्षा दी थी, जिसमें मुझे सफल घोषित किया गया है। इसमें अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ चरित्र प्रमाण-पत्र भी माँगा गया है। मैंने गत वर्ष अपनी कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मैं गरीब परिवार से हूँ। पिता जी किसी तरह से मेरी पढ़ाई का खर्च वहन कर रहे हैं। यह छात्रवृत्ति मिलने से मेरी पढ़ाई का खर्च सुगमता से पूरा हो जाएगा।
आपसे प्रार्थना है कि मेरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुझे चरित्र प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कृपा करें। मैं आपकी आभारी रहूँगी।

भवदीय
अ ब स

5.आप अनमोल, ग्रीन वेल अपार्टमेंट, द्वारका में रहते हैं। आपके इलाक़े में एक सीवर टूट गया है जिसके कारण नाले का गंदा पानी सड़क पर आ गया है। ज्यादा गंदगी फैल रही है। सीवर की मरम्मत करवाने हेतु नगर निगम अधिकारी को **cdaf@eafg.com** पर ईमेल लिखिए।

From(प्रेषक): anmol@gmail.com
To(प्राप्तकर्ता): cdaf@eafg.com
CC(प्रतिलिपि) ...
BCC(गोपनीय प्रतिलिपि) ...

विषय – सीवर मरम्मत के लिए अनुरोध
27 नवंबर 2024
सुबह 10 बजे

भवदीय ,
मैं अनमोल, ग्रीन वेल अपार्टमेंट द्वारका का निवासी हूँ l ग्रीन वेल अपार्टमेंट के सामने के नाले का सीवर टूट गया है जिसके कारण नाले का गंदा पानी सड़क पर आ गया है। ज्यादा गंदगी

फैल रही है। आस पास के इलाक़े में काफ़ी बदबू फैल रही है और यातायात भी बाधित हो रहा है। इसलिए मैं ग्रीन वेल अपार्टमेंट के निवासियों की ओर से आपसे अनुरोध करता हूँ कि कृपया जितना शीघ्र हो सके इस नाले की मरम्मत करवाएँ।

भवदीय
अनमोल
ग्रीन वेल अपार्टमेंट का निवासी